फाल्गुन शुक्ल पक्ष तृतीया संवत् 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 246 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

02 मार्च 2025 रविवार

आज का मौसम

30 अधिकतम

15 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

सीएम हाउस में प्रदेशभर के किसानों का जमावड़ा, राहतों के ऐलान के बाद आभार सम्मेलन

# औद्योगिक विकास की हसरतों के बीच किसानों की तरफ फिर से मुड़ी सरकार

**भोपाल ,दोपहर मेट्रो**

औद्योगिक विकास और निवेश की ग्लोबल हसरतों के बीच मप्र सरकार बीते दो दिनों से किसानों के बीच है। किसान सम्मेलनों के बाद आज सीएम हाउस पर मुख्यमंत्री का आभार जताने के लिए भारी संख्या में किसानों का जमावड़ा है। यह किसान राज्य सरकार की किसान हितैषी नीतियों, निर्णयों और योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए सीएम मोहन यादव का आभार जता रहे हैं। इसे आभार सम्मेलन नाम दिया गया है। सीएम ने भी किसानों पर फूल बरसा कर उनका अभिनंदन किया। किसानों ने सीएम को साफा और गजमाला पहनाई तथा बैलगाड़ी व हल की प्रतिकृति भेंट की।







उल्लेखनीय है कि धान की खेती करने वाले किसानों को प्रति हेक्टेयर 4 हजार रुपये देने का ऐलान सीएम यादव ने कल बालाघाट में किया है। इसका लाभ उन किसानों को मिलेगा, जिन्होंने बीते साल धान की खेती की थी। अगले सीजन में किसानों को यह लाभ मिलेगा या नहीं, इस पर सरकार निर्णय करेगी। इसके पहले 20 फरवरी को सीएम ने उमरिया जिले के नौरोजाबाद में पहली बार धान उत्पादक किसानों को प्रति हेक्टेयर 2 हजार रुपये बोनस देने की घोषणा की थी। किसानों को यह राशि उनके खाते में दी जाएगी। किसानों से धान समर्थन मूल्य पर खरीदी जाती है। दो श्रेणी की धान सरकारी केंद्रों पर खरीदी जाती है। साधारण धान के दाम 2300 रुपये औ धान ग्रेड-ए के दाम 2320 रुपये प्रति क्विंटल दिए जाते है।

मध्यप्रदेश सबसे अधिक मूल्य पर गेहूं उपार्जन में देश में भी अग्रणी है।राज्य में गेहूँ की खरीद 2,600 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी, जिसका न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,425 रुपये प्रति क्विंटल होगा। किसानों के हित में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 175 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देने की घोषणा की है।

किसान आभार सम्मेलन में ऊर्जा, उद्यानिकी, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा प्रस्तुतियाँ दी गई हैं। यहां विभागीय योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई गई है।

## यातायात व्यवस्था में बदलाव

राजधानी में आज रविवार को किसान आभार सम्मेलन के चलते कुछ रास्तों में सुबह 9 बजे से जरूरत के हिसाब से ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। किलोल पार्क, आकाशवाणी तिराहा, दूरदर्शन तिराहा से सीएम हॉउस/बोट क्लब की ओर जाने वाले रास्ते पर यातायात का भारी दबाव है इसके चलते वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करने की सलाह पुलिस ने दी है।

## एयरपोर्ट पर दबोचे गए 3558 करोड़ के घोटाले के आरोपी

**नई दिल्ली।** ईडी ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 3,558 करोड़ रुपये के घोटाले के कथित मास्टरमाइंड सुखविंदर सिंह खरूर और डिंपल खरूर को गिरफ्तार किया है। दोनों देश छोड़कर भागने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन लुक आउट सर्कुलर के चलते उन्हें एयरपोर्ट पर ही रोक लिया गया। ईडी के अनुसार, यह गिरफ्तारी व्यूनाउ मार्केटिंग सर्विसेज लिमिटेड और इससे जुड़ी कंपनियों के खिलाफ चल रही मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत की गई है। गिरफ्तारी के बाद जालंधर की एक अदालत ने दोनों आरोपियों को आगे की जांच के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया है.यह घोटाला क्लाउड पार्टिकल स्कैम के नाम से जाना जा रहा है, जिसमें निवेशकों को झूठे सेल एंड लीज-बैक मॉडल के जरिए फंसाया गया।

## कांग्रेस कार्यकर्ता की सूटकेस में मिली लाश



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने हरियाणा के रोहतक में पार्टी कार्यकर्ता हिमानी नरवाल की हत्या पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए घटना की जांच करने की राज्य सरकार से मांग की है। रोहतक के सांपला बस स्टेंड पर सूटकेस में लाश मिली थी। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक एक्स पेज पर कहा, हरियाणा के रोहतक में कांग्रेस कार्यकर्ता हिमानी नरवाल की बर्बर हत्या का समाचार बहुत दुखद और पीड़ादायक है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति और परिजनों को दुख सहने की शक्ति दें। मुश्किल समय में हम पूरे परिवार के साथ खड़े हैं। पार्टी ने घटना की जांच की मांग करते हुए इसे शर्मनाक बताया है और कहा है, हिमानी के साथ हुई इस क्रूर और शर्मनाक घटना की निष्पक्ष जांच हो और अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले।

## इंटरव्यू में नंगे पैर बैठने पर अमेरिका में विवाद

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका में राष्टपति चुनाव में दावेदार रहे भारतवंशी विवेक रामास्वामी एक विवाद में फंस गए हैं। उन्होंने बीते दिनों नंगे पैर एक इंटरव्यू दिया, जिसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। अब इसे लेकर रामास्वामी को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा है। यूजर्स उन्हें अमेरिका विरोधी और असभ्य तक कह रहे हैं। वहीं कई यूजर्स विवेक रामास्वामी का समर्थन भी कर रहे हैं। दरअसल एक लाइव स्ट्रीमिंग रिकॉर्डिंग के दौरान विवेक रामास्वामी नंगे पैर बैठे। यह रिकॉर्डिंग रामास्वामी के घर में हुई थी। अब लोग कह रहे हैं कि विवेक रामास्वामी कभी भी ओहायो के गवर्नर नहीं बन पाएंगे। यह अमेरिका में अस्वीकार्य है। वहीं मशहूर कमेंटेटर इयान माइल्स चेओंग ने विवेक रामास्वामी का समर्थन किया और लिखा कि अपने ही घर में नंगे पैर रहना कैसे अमेरिका विरोधी हो सकता है।

## युद्ध विराम खत्म, हमास का माइंड गेम शुरू, बंधकों का वीडियो जारी

**तेलअवीव, एजेंसी**

इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम समझौते का पहला चरण कल खत्म हो गया है और दूसरे चरण के लिए दोनों पक्षों में सहमति नहीं बन पाई है। इस बीच हमास ने बंधकों का एक वीडियो जारी किया है, जिसमें दो बंधक भाइयों को दिखाया गया। एक भाई को रिहा कर दिया गया, जबकि दूसरा हमास की कैद में है। दोनों भाई सरकार से अपील कर रहे हैं कि वे युद्धविराम समझौते के लिए मान जाएं। हालांकि इस्राइल सरकार ने इसे प्रोपेगेंडा वीडियो बताया है और इसे हमास का दिमागी खेल बताया। कैद में फंसा व्यक्ति कह रहा है कि समय तेजी से बीत रहा है। वहीं इस्राइल ने वीडियो की टाइमिंग को लेकर सवाल उठाए और कहा कि हमास एक आतंकी संगठन है और उसने एक बार फिर एक निर्दयी प्रोपेगेंडा वीडियो जारी किया है, हम अपने बंधकों को लाने के प्रयास में लगातार जुटे रहेंगे।



## एवलांच: 4 अब तक लापता सेना सुबह से तलाश में जुटी



**देहरादून, एजेंसी**

उत्तराखंड के चमोली में 28 फरवरी को आए एवलांच( हिमस्खलन ) में फंसे मजदूरों को निकालने का काम तीसरे दिन भी जारी है। अब तक 54 लोगों में से 50 लोगों को निकाला जा चुका है, इनमें से 4 की मौत हो चुकी है। पहले लापता मजदूरों की संख्या 55 बताई गई थी, लेकिन अब पता चला कि हिमाचल के कांगड़ा का रहने वाला सुनील कुमार बिना बताए कैंप से अपने गांव चला गया था। परिवार ने इसकी जानकारी दी। आज मौसम ठीक होने की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन जल्द शुरू हुआ है। ड्रोन, रडार सिस्टम, स्निफर डॉग, विक्टिम लोकेटिंग और थर्मल इमेज कैमरा से सर्चिंग की जा रही है। 6 हेलिकॉप्टर भी लगाए गए हैं। सेना भी घटनास्थल पर बर्फ की मैनुअल खुदाई कर लापता 4 मजदूरों की तलाश में लगी है। रविवार को मौसम ठीक होने की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन जल्द शुरू हुआ। ड्रोन, रडार सिस्टम, स्निफर डॉग, विक्टिम लोकेटिंग और थर्मल इमेज कैमरा से सर्चिंग की जा रही है। 6 हेलिकॉप्टर भी लगाए गए हैं। आर्मी व वायुसेना के अलावा आईटीबीपी, बीआरओ, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के 200 से ज्यादा जवान भी घटनास्थल पर बर्फ की मैनुअल खुदाई कर लापता मजदूरों की तलाश में लगे हुए हैं।

## मुरैना में गिरे ओले, चार दिन बाद गर्मी का दौर

**भोपाल ,दोपहर मेट्रो**

मार्च महीने के पहले सप्ताह में कुछ मौसमी उथलपुथल के बाद तेज गर्मी, लू की शुरूआत हो सकती है। अगले कुछ दिन बादल और हल्की बारिश संभावित है। इसके बाद हीट वे के आसार हैं। इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल, सागर और रीवा संभाग में 3 से 4 दिन लू चल सकती है। 20 मार्च के बाद कुछ जिलों में हल्की बारिश होने के आसार भी हैं। मौसम विभाग का कहना है कि मार्च में बारिश के सामान्य से कम होने के संकेत मिल रहे हैं। लेकिन तापामान अधिक रहने की संभावना है। वहीं बीती देर रात रात मुरैना के 24 से ज्यादा गांवों में तेज हवाएं चलीं। बारिश के साथ चने के आकार के ओले भी गिरे। सुमावली, दिमनी, अंबाह विधानसभा क्षेत्रों के मृगपुरा, लीला का पुरा, मैथाना, हंसराज का पुरा, बंधा, नायक पुरा और अजीत पुरा समेत कई गांवों में फसलें प्रभावित हुई हैं।



**मेट्रो एंकर**

ऑस्ट्रेलिया या अफ्रीका कौन आएगा दुबई

# भारत-न्यूजीलैंड भिड़ंत: लॉ ऑफ एवरेज सुर्खियों में

**आलोक गोस्वामी**

चैंपियन ट्रॉफी की टॉप 4 टीमें यानी सेमीफाइनलिस्ट तय हो गये हैं। अब इस अहम ट्रॉफी के आखिरी लीग मैच में टीम इंडिया को न्यूजीलैंड से टक्कर लेनी है। हालांकि दोनों पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह बना चुकी है लेकिन उनका यह मुकाबला पूल की टॉप पोजीशन के लिए है। अभी तक सभी टीमें पूल मैचों में अपराजेय हैं। आज के मुकाबले की जीत हार यह भी तय करेगी कि दुबई में होने वाले सेमीफाइनल का सफर किस टीम ( ऑस्ट्रेलिया या साउथ अफ्रीका ) को करना है। यह इसलिए क्योंकि टीम इंडिया का मुकाबला दुबई में ही तय है। ऐसा माना जा रहा है कि आज के सेमीफाइनल में टीम इंडिया को अपने कॉम्बिनेशन में कुछ बदलाव करने की जरूरत होगी। देखना है कि कप्तान रोहित शर्मा को इस मैच में आराम दिया जाता है तो फिर उनके विकल्प के तौर पर टीम मैनेजमेंट कौनसा फार्मूला ( पंत या सुंदर ) आजमाता है। इस मैच में उनके जगह होने वाले फेरबदल ने कोई चमत्कारी खेल दिखा दिया तो फिर कप्तान ओर मैनेजमेंट की दुविधा आने वाले अहम मैचों के लिए एकादश के चयन बढ़ सकती है। हालांकि इस मैच के बारे में कई दिलचस्प गणित अलग भी हो सकते हैं। दरअसल क्रिकेट का यह अनोखा गणित यानी 'लॉ ऑफ एवरेज÷ है जो फिलहाल दोनों टीमों पर लागू होता है। जब 2023 वर्ल्ड कप के फाइनल में टीम इंडिया जैसे ही ऑस्ट्रेलिया से हारी, तब तमाम क्रिकेट एक्सपर्ट्स और गणितज्ञ इसके लिए 'लॉ ऑफ एवरेज'' को भी जिम्मेदार ठहराने लगे थे। उस वक्त भी फाइनल मैच से पहले ही जब टीम इंडिया लीग मैच के आखिरी चरण में थी, तब भी कुछ एक्सपर्ट्स कह रहे थे कि बेहतर हो नॉकआउट में पहुंचने से पहले टीम इंडिया, एकाध लीग मुकाबला हार जाए। सीधे शब्दों में कहें तो गणित यह थी कि चूंकि कोई भी टीम हमेशा जीतती नहीं रह सकती, इसलिए देर-सबेर टीम इंडिया को एक मैच हारना ही था। अगर ऐसा होता तो रोहित ब्रिगेड के लिए लीग स्टेज पर कोई मैच हारना सबसे अच्छा होता, ताकि औसत का खतरनाक नियम नॉक-आउट स्टेज में उसकी संभावनाओं को धूमिल नहीं करता, लेकिन ऐसा हुआ नहीं हुआ और टीम इंडिया खिताबी मुकाबला हार गयी। मजेदार बात यह है 2023 वर्ल्ड कप में जब टीम इंडिया ने टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सभी टीमों को रौंदते हुए, 9 लीग मैचों में से सभी मुकाबला जीतते हुए रिकॉर्ड के साथ सेमीफाइनल में पहुंच गई,जहां टीम इंडिया ने सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को ही हराया था। जिस वजह से 'लॉ ऑफ एवरेज' को मानने वालों की चिंताएं और बढ़ गई थी। हालांकि कोई भी टीम के खिला?ी मैदान में उतारने के पहले इस बेतुके नियम को अपने जहन में नहीं रखते हैं। यह नियम क्रिकेट में लागू होता तो फिर 2003 के विश्व कप मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया इससे कैसे बच गया? जबकि उसने फाइनल समेत लगातार 11 मुकाबले अपने नाम किये थे। यानि दुबई के मैदान पर आज का मुकाबला जहां ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका टीम का अगला मुकाम तय करेगा वहीं जीतने वाली टीम की लय तथा हारने वाली टीम के नजरिये से लॉ ऑफ एवरेज का सुकून देने वाला कहा जा सकता है।





## कभी शादी मत करना... लिखकर भाजपा नेता के बेटे ने जहर खाया

**देवास, एजेंसी**

जिले की सोनकच्छ सीट के पूर्व विधायक और भाजपा नेता सुरेंद्र वर्मा के कारोबारी पुत्र प्रमोद ने जहरीला पदार्थ खाकर जान देने की कोशिश की। उन्हें इंदौर में भर्ती कराया है। जहर खाने से पहले लिखे नोट में प्रमोद ने पत्नी और ससुराल वालों पर उत्पीड़न के आरोप लगाये हैं और लिखा कि %कभी शादी मत करना...।% प्रमोद बिल्डिंग मटेरियल के कारोबारी हैं। उनकी शादी को करीब 15 वर्ष हो चुके हैं ,बच्चे भी हैं। स्वजनों का कहना है कि उनका से विवाद चल रहा है। पत्नी ने इंदौर के महिला थाने में कुछ दिन पहले उत्पीड़न और घरेलू हिंसा की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें प्रमोद और उनके स्वजन को नामजद किया गया था। बताते हैं कि इस बीच कुछ रिश्तेदारों ने राजीनामा भी करा दिया। इसके बाद भी पत्नी और स्वजन मान नहीं रहे थे और कानूनी कार्रवाई को लेकर लगातार धमका रहे थे।

# पल-पल बदलता मौसम...



भोपाल। हवा की दिशा में लगातार बदलाव के कारण मौसम भी बदल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, आगामी तीन दिन तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा। पाकिस्तान के पास एक पश्चिमी विक्षोभ द्रोणिका के रूप में सक्रिय है। हालांकि शाम अभी भी सुहानी है।

# 672 करोड़ बजट, फिर भी बीडीए ने 60 फीसदी तक काम नहीं किया

## अफसरों की लेटलतीफी से बढ़ रही है प्रोजेक्ट की लागत, विद्यानगर में बन रहा आइएसबीटी का प्रोजेक्ट अधूरा पड़ा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोपाल विकास प्राधिकरण का सलाना बजट करीब 672 करोड़ का है, लेकिन इस भारी भरकम बजट के बाद भी बीडीए शहर विकास के प्रोजेक्ट समय पर पूरा नहीं कर पा रहा है। प्रोजेक्ट के 60 फीसदी काम भी पूरे नहीं हुए हैं, जबकि मौजूदा वित्तीय वर्ष एक माह बाद खत्म होने जा रहा है। दानापानी रेस्टोरेंट से मिसरोद अंडरपास तक एक नए फ्लाइओवर का काम शुरू हो जाना था, लेकिन ये बजट में ही रह गया। इसके साथ ही नर्मदापुरम रोड को भैरोपुर से जोड़ने नई रोड का काम तय होने के बावजूद कागजों से बाहर नहीं आया। मिसरोद से बगली, बर्रई रोड का काम शुरू तो हुआ, लेकिन किसानों से विवाद का नहीं निपटारा नहीं हो पाया। वहीं अधिकारियों का कहना है कि भोपाल विकास प्राधिकरण शहर विकास की प्रमुख संस्था है। जो भी प्रोजेक्ट अभी शुरू नहीं हुए, इसके लिए समीक्षा की जाएगी और जल्द काम शुरू कराया जाएगा।



### एक साल बीते, शहर विकास के ये काम कागजों से निकले ही नहीं

- विद्यानगर फेस दो के पुराने काम ही चल रहे, फेस तीन का काम शुरू नहीं हुआ।
- दानापानी रेस्टोरेंट से मिसरोद अंडरपास तक फ्लायओवर के लिए 60 मीटर चौड़ाई का प्लान तय था।
- 60 मीटर चौड़ाई में मास्टर प्लान रोड आशिमा मॉल से अरविंद विहार तक का निर्माण भी नहीं हुआ।
- एयरोसिटी फेस वन एक्सटेंशन पर अब कुछ काम शुरू हुआ है।
- मिसरोद, बगली, बर्रई 45 मीटर रोड व नगर विकास योजना का काम अटक।
- भैरोपुर से नर्मदापुरम रोड को जोड़ने योजना का काम शुरू ही नहीं हुआ।
- बडवई, पलासी, बगली नगर विकास योजना का काम भी शुरू नहीं
- हिनोतिया आलम में बीडीए की नगर विकास योजना काम भी शुरू नहीं
- शीश महल री-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट भी शुरू नहीं
- संजय कॉम्प्लेक्स, अंजली कॉम्प्लेक्स, अजंता कॉम्प्लेक्स व अंकुर कॉम्प्लेक्स के रीडेवलपमेंट पर भी काम अब तक शुरू नहीं हो सका।

# रिटायर्ड आबकारी अफसर की पेंशन उलझाने की कोशिश?

## डिस्टलरी की कथित अनियमितताओं पर की थी कार्रवाई

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

सेवानिवृत्त होने के करीब चार साल बाद भी भोपाल संभाग में आबकारी उपायुक्त रहे विनोद रघुवंशी का पेंशन प्रकरण कभी सुलझता कभी उलझता नजर आ रहा है। रघुवंशी के अनुसार, सेवानिवृत्त होने के बाद जनवरी 2022 से राज्य सरकार द्वारा पेंशन की स्वीकृति प्रदान की जा रही है। अब बताया जा रहा है कि उनकी पेंशन रोकने का प्रस्ताव चल पड़ा है। बताया जाता है कि शिवराज के मुख्यमंत्रित्व काल में विनोद रघुवंशी ने डीईओ एक्साइज रहते हुए सोम डिस्टलरी की अनियमितताओं का पर्दाफाश किया था । हाईकोर्ट के आदेश से कई बार कई महीनों तक सोम डिस्टलरी बंद रही । बाद में कांग्रेस की कमलनाथ सरकार आने के बाद कथित प्रतिशोध भावना से रघुवंशी को प्रताड़ित करने का प्रयास किया । अब पीएस आबकारी अमित राठौर के ज़रिए विनोद की पेंशन रुकवाने का प्रस्ताव कैबिनेट में लाने की तैयारी है। जबकि उनके मामले में उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 8 अप्रेल 2008 में राहत मिली है। जिस प्रकरण में सजा हुई, उस सजा को सेशन कोर्ट द्वारा अपील अवधि तक के लिए स्थगित किया गया है। यह सारा उल्लेख उन्होंने खुद शासन को अपने अभ्यावेदन में किया है व कहा है कि उन्हें राज्य शासन द्वारा निर्दोष ठहराया गया है। सजा तत्कालीन अपर आबकारी आयुक्त भरत कुमार व्यास द्वारा की गई थी। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट को राज्य सरकार द्वारा खारिज कर निर्दोष ठहाराया था। राज्य शासन के निर्णय को उच्च न्यायालय ने भी सही ठहराया था। उन्होंने कहा है कि यदि शासन पेंशन रोकने का निर्णय करता है तो यह तत्कालीन भोपाल कलेक्टर के जांच प्रतिवेदन एवं राज्य शासन के निर्णय के विपरीत होगा।



# विद्या भारती का कार्यकर्ता महाकुंभ 3 मार्च से, संघ प्रमुख भागवत भी होंगे शामिल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी भोपाल में विद्या भारती शिक्षण संस्थान का अखिल भारतीय कार्यकर्ता महाकुंभ 3 मार्च से शुरू होगा। यह 8 मार्च तक चलेगा। इसमें देशभर से 700 से अधिक पूर्णकालिक कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। ये सभी अभ्यास वर्ग के लिए एकत्रित हो रहे हैं। उक्त् अभ्यास वर्ग में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ प्रमुख मोहन भागवत भी शामिल हो सकते है। उनके अलावा संघ के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों के भी शामिल होने की संभावना है। राजधानी भोपाल में संघ का बीते 6 महीने में यह दूसरा बड़ा आयोजन है। इसके पूर्व हुए संघ के आयोजन में भी संघ प्रमुख शामिल हुए थे। विद्या भारती के वरिष्ठ पदाधिकारी संगठन मंत्री गोविंद महंत, निखिलेश महेश्वरी, मोहनलाल गुप्त व शिरोमणि दुबे ने बताया कि प्लास्टिक-मुक्त व इकोफ्रेंडली परिसर पर जोर रहेगा। शिक्षण और प्रशिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए पूरे अभ्यास वर्ग को दो श्रेणियों, छह समूहों एवं 11 कार्यक्षेत्रों में विभाजित किया है। प्रत्येक समूह की विशेष जिम्मेदारी होगी, जिसे वे योजनाबद्ध बैठकों और संगठनात्मक समन्वय एवं अन्य विषयों पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं विद्या भारती के अखिल भारतीय अधिकारी उपस्थित रहकर कार्यकर्ताओं को दिशाबोध करेंगे। इस अवसर पर विशेष प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। जिसमें भारत की संस्कृति, विज्ञान, शिक्षा और राष्ट्रसेवा के अद्वितीय पहलुओं को प्रस्तुत किया जाएगा। भोपाल के कार्यकर्ता गत तीन माह से स्वागत तैयारी में लगे है व्यवस्था में एक ब?ा डोम, छः छोटे पंडाल, प्रदर्शनी आदि की तैयारी पूर्ण की गई है। 05 दिन चलने वाले इस कार्यक्रम में भारत की विभिन्न संस्कृतियों के दर्शन होंगे।

## महाविद्यालयीन वाद-विवाद प्रतियोगिता संपन्न

**भोपाल।** देश में मतदान की अनिवार्यता विषय पर पंडित कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ सभागार में विश्वविद्यालयीन महाविद्यालयीन वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक भगवानदास सबनानी व विशेष अतिथि वरिष्ठ पत्रकार राजेश सिरोठिया रहे। संचालक, प्रतिमा यादव ने विद्यापीठ की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। सबनानी ने प्रतियोगिता में सम्मिलित प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया साथ ही विद्यापीठ द्वारा समसामयिक विषय पर आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता की सराहना की। राजेश सिरोठिया ने वरिष्ठ पत्रकार ने प्रतिभागियों को मतदान के प्रति जागरूक किया साथ ही अपने संसदीय ज्ञान को बढ़ाने की सलाह दी। निर्णायक की भूमिका में अजय प्रताप सिंह, डॉ. सीता सोनी, प्राध्यापक, शासकीय महाविद्यालय गैरतगंज, रायसेन एवं डॉ प्रतिमा यादव, संचालक, संसदीय विद्यापीठ उपस्थित रहे।



# घर के काम में मां की मदद करें, बच्चों को सिद्धभाऊजी की सीख

## किंडरगार्टन स्नातक समारोह में थिरके नन्हे-मुन्ने

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

विद्यासागर पब्लिक स्कूल में किंडरगार्टन ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी शिक्षा के पहले पड़ाव को पूरा करने पर खुशी मनाई। बच्चों के बीच शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष सिद्धभाऊजी भी पहुंचे। कार्यक्रम की शुरूआत परंपरागत तरीके से दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। भाऊजी ने कहा कि विद्यार्थियों को सदैव अपने माता-पिता एवं शिक्षिकाओं की आज्ञा का पालन करना चाहिए एवं यथासंभव घर के कार्यों में अपनी माता की मदद करनी चाहिए। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए सदा पौष्टिक भोजन खाना चाहिए। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मिष्ठी वासवानी ने कहा, यह समारोह केवल एक शैक्षणिक उपलब्धि का उत्सव नहीं, बल्कि बच्चों की रचनात्मकता और आत्म-विश्वास को प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी है। सत्र के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र दिए गए। सचिव घनश्याम बूलचंदानी, विद्यासागर पब्लिक स्कूल के निदेशक भगवान दामानी, मिठी स्कूल के प्राचार्य अजय बहादुर, नवनिध की प्राचार्या अमृता मोटवानी शामिल हुए।

**मेट्रो एंकर**

### आरोग्य केन्द्र में 10 दिवसीय रोग निवारण शिविर शुरू

# स्वस्थ दिनचर्या है निरोगी काया की गारंटी: टेवानी



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

आरोग्य केन्द्र की रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर श्रृंखला में 10 दिवसीय शिविर का शुभारंभ शनिवार को हुआ, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए साधकगण हिस्सा ले रहे हैं। साधकगण अपक्काहार एवं प्राकृतिक उपचार के साथ-साथ योग, आयुर्वेदिक उपचार, फिजियोथैरेपी, एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर, शिरोधारा, पोटली मसाज अपनी स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों से राहत की उम्मीद लेकर आए हैं। शिविर के प्रथम दिन शिविरार्थियों का सर्वप्रथम पंजीयन एवं परामर्श प्राकृतिक चिकित्सकों द्वारा किया गया। इसके बाद शिविर का शुभारंभ व्याख्यान मेडीकल डायरेक्टर डॉ गुलाब राय टेवानी के व्याख्यान के साथ हुआ। टेवानी ने कहा कि स्वस्थ जीवन प्राप्त करने के लिए एक ही उपाय है, अपनी अस्वस्थ दिनचर्या में परिवर्तन कर स्वस्थ दिनचर्या को अपनाना। आप अपनी दिनचर्या में परिवर्तन करेंगे तो ही आप स्वास्थ्य लाभ पा सकेंगे। साथ ही यह बताया गया कि अपक्क आहार लेंगे तो दवाइयां भी कम होगी । शिविर में साधकों को पॉच दिन जैविक अंगूर पर कल्पाहार धरती बेन के मार्गदर्शन में कराया जाएगा।

**यह गतिविधियां होंगी :** प्रातः जागरण एवं नित्यकर्म, नियमित योगाभ्यास, यौगिक क्रियाएँ, प्रातः कालीन व सायंकालीन व्याख्यान सत्र एवं शंका समाधान, ध्यानात्मक क्रियाएं एवं आनंद मेला। बता दे आरोग्य केन्द्र द्वारा दस दिवसीय रोग निवारण शिविर के साथ-साथ हेल्थ प्रमोटर सर्टिफिकेट कोर्स भी आरंभ किया गया, जिसमें कि सभी साधक प्राकृतिक चिकित्सा एवं उपवास चिकित्सा सीखकर सर्टिफिकेट प्राप्त करेंगे।

# चिराग और सक्षम को मिला प्रथम पुरस्कार



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज संतनगर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आयोजित अंतर विद्यालयीन प्रतियोगिता में दीपमाला पागरानी पब्लिक स्कूल के मॉडल को प्रम पुरस्कार मिला। स्कूल के छात्र चिराग मेहरा और सक्षम उदासी ने विज्ञान मॉडल में प्रथम स्थान हासिल किया। संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव, प्राचार्य आर. के. मिश्रा, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम, कोर्डिनेटर सीमा शर्मा ने विद्यर्थियों को बधाई दी है।


मध्यप्रदेश सरकार ने किसानों को दी बड़ी सौगात
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
किसान
आभार सम्मेलन
गरिमामयी उपस्थिति
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री
गेहूं उपार्जन पर ₹175 प्रति क्विंटल बोनस देगी प्रदेश सरकार
गेहूं खरीदी मूल्य ₹2600 प्रति क्विंटल निर्धारित
खरीफ 2024 के धान उपार्जन पर ₹4000 प्रति हेक्टेयर दी जायेगी प्रोत्साहन राशि
अन्नदाता की खुशहाली के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान देता मध्यप्रदेश
2 मार्च 2025 | दोपहर 12:00 बजे
मुख्यमंत्री निवास, भोपाल
31 मार्च 2025 तक
गेहूं उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन
15 मार्च से 5 मई 2025 तक
प्रदेश स्तरीय गेहूं उपार्जन
D-11205/24
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP

# स्वास्तिक हॉस्पिटल विवाद मामले में मैनेजर, एचआर और महिला डॉक्टर पर छेड़छाड़ का आरोप

**नर्मदापुर, दोपहर मेट्रो**

नर्मदापुरम के स्वास्तिक अस्पताल में प्रबंधन, पार्टनर और कुछ स्टाफ के बीच चल रहे विवाद में अब तीसरी एफआईआर दर्ज हुई है। अस्पताल की एक महिला कर्मचारी ने अस्पताल के एचआर, मैनेजर और एक महिला डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

महिला कर्मचारी ने एचआर राजकुमार शर्मा और मैनेजर मयंक रघुवंशी पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है, जबकि हॉस्पिटल की पार्टनर महिला डॉक्टर पर जातिसूचक शब्द कहने का आरोप लगाया है। यह एफआईआर देहात थाने में शुक्रवार देर रात को दर्ज कराई गई है।

बता दें कि स्वास्तिक हॉस्पिटल के डायरेक्टर रमीज अली, हॉस्पिटल की पार्टनर महिला डॉक्टर और कुछ महिला कर्मचारियों के बीच कुछ दिनों से विवाद चल रहा है। इस विवाद के चलते दो दिनों से अस्पताल में मरीज भर्ती नहीं किए जा रहे थे। घटनाक्रम से तीन दिन पहले 25फरवरी को अस्पताल के संचालक रमीज अली ने देहात थाने में आवेदन दिया था। आवेदन में साझेदारी समाप्त करने पर धमकी देने के संबंध में शिकायत




पत्र दिया था। 27 फरवरी को डायरेक्टर और एंबुलेंस ड्राइवर की महिला स्टाफ ने धर्म परिवर्तन, अश्लील इशारे और संबंध बनाने का दबाव डालने की शिकायत की थी। इस शिकायत के आधार पर डायरेक्टर रमीज अली और ड्राइवर मुस्ताक पर छेड़छाड़ का केस दर्ज किया गया था। वहीं, अस्पताल की पार्टनरशिप में शामिल महिला डॉक्टर ने भी डायरेक्टर, उसके दो भाई और चाचा पर घर में घुसकर छेड़छाड़ करने और हॉस्पिटल छोड़ने का दबाव बनाते हुए जान से मारने की धमकी देने की एफआईआर दर्ज कराई थी।

### पीड़िता बोली - अकेले में बुलाकर की छेड़छाड़

पीड़िता हॉस्पिटल की नर्सिंग स्टाफ कर्मचारी है। पीड़िता ने एफआईआर में बताया कि 12 फरवरी को मैं सुबह 8 से 2 बजे की ड्यूटी पर थी। इसी दिन दोपहर 2 बजे अस्पताल में स्टाफ के मीटिंग थी। मुझे 1 बजे करीब हॉस्पिटल के एचआर राजकुमार शर्मा ने फोन करके कहा कि नीचे बेसमेंट में आकर मिलो। बेसमेंट में गई तो सिर्फ राजकुमार शर्मा था। राजकुमार शर्मा छेड़छाड़ करने लगा। मैनेजर मयंक रघुवंशी भी जब भी मेरी नाइट ड्यूटी रहती थी तो मेरे साथ छेड़छाड़ करता था। जब मैंने यह बात महिला डॉक्टर को बताई तो उन्होंने मुझे जातिसूचक अपशब्द देकर अपमानित किया। 18 फरवरी को महिला ने अपने पति को जानकारी दी, जिसके बाद 28 फरवरी रात को देहात थाना पहुंची और मैनेजर, एचआर और डॉक्टर के खिलाफ धाराओं में केस दर्ज कराया।

### अभी तक 7 लोगों पर दर्ज हो चुकी है एफआईआर

देहात थाने में तीन दिन में अब तक 3 एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं। पहली छेड़छाड़ की एफआईआर में डायरेक्टर रमीज अली, उसके भाई अनस, इमरोज और रमीज के चाचा के खिलाफ हुई। दूसरी एफआईआर में महिला कर्मचारी ने डायरेक्टर रमीज अली, ड्राइवर मुस्ताक खान के खिलाफ और तीसरी एफआईआर में एचआर राजकुमार शर्मा, मैनेजर मयंक रघुवंशी, महिला डॉक्टर के खिलाफ हुई है। महिला डॉक्टर हॉस्पिटल की पार्टनर भी है, जिन्होंने डायरेक्टर के खिलाफ एफआईआर कराई है।

### नपा कर्मचारी मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष महेश वर्मा ने लगाया आरोप

# नपा में गलत तरीके से अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त कर्मचारियों को बना दिया कार्यालय अधीक्षक!

**नर्मदापुर, दोपहर मेट्रो**

**कर्मचारियों के अधिकारों का हनन करते हुए नगरपालिका सीएमओ दायित्व पर दायित्व दिये जा रहे है**



नर्मदापुरम नपा कर्मचारी मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष महेश वर्मा ने आरोप लगाया कि गलत तरीके से अनुकंपा प्राप्त कर्मचारी जो कल तक चपरासी के पद पर पदस्थ थे उन्हें निम्नश्रेणी लिपिक के पद पर पदोन्नति पाने के बाद लेखा प्रभारी के पद का दायित्व दिया गया इसके पश्चात जिस तरह से कार्यालय अधीक्षक के पद का प्रभार नगरपालिका में पदस्थ अन्य वरिष्ठ कर्मचारियों के अधिकारो का हनन करते हुए इसी को नगरपालिका सीएमओ द्वारा दायित्व पर दायित्व दिये जा रहे है। उन्होंने कहा अनुकंपा के माध्यम से पदस्थ निम्न श्रेणी लिपिक महिला कर्मचारी को भी नगरपालिका सीएमओ का विषेश आशीर्वाद है उन्हें स्थापना शाखा में सर्वेसर्वा बनाकर रखा गया है इनके द्वारा मजदूर संघ के पत्रों पर की गई कार्यवाही से अवगत नहीं कराया जाता है. शासन आदेशों के पालन में सेवानिवृत्त सम्मान समारोह निधि राशि, नियमित, विनियमित, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के सेवानिवृत्त पर कर्मचारियों को दो लाख रूपए अनुदान ग्रेच्युटी राशि के भुगतान पर कार्यवाही नहीं की जाती है, चतुर्थ समयमान वेतनमान का लाभ कर्मचारी रामविलास चौरे को स्थापना शाखा कि कर्मचारी विरोधी नीति के कारण सेवानिवृत्त के पूर्व नहीं दिया गया। वरिष्ठ महिला कर्मचारी लिपिक सुनीता बाबस्कर का भी प्रकरण लंबित कर उनका आर्थिक शोषण तो किया जा रहा है। वर्मा के अनुसार सीएमओ चाटुकारिता पसंद करती है या कोई विवशता है क्योंकि शिकायत पर शिकायत होने के बाबजूद भी दोषियों के प्रति कार्यवाही करने में असमर्थ हैं आर्थिक शोषण, भ्रष्टाचार, अन्य व्याप्त अनियमित्ताओं को लेकर विधायक, प्रभारी मंत्री, नगरीय प्रशासन मंत्री, मुख्यमंत्री से शिकायते कि गई जिस पर राजनैतिक संरक्षण का लाभ भी दिया जा रहा है।तत्कालीन नगरपालिका सीएमओ प्रदीप द्विवेदी के कार्यकाल से लेकर आज तक भवन, सड़क, नाली, पानी कि टंकियों के निर्माण, वाहन, जल प्रदाय में काम आने वाली सामग्री, व सफाई के उपकरणों में क्रय कि सामग्री, ईंधन, प्रधानमंत्री आवास योजना, अम्रत पेयजल योजना, क्रय सामग्री जांच में लंबित छै सौ चवालीस फाइल जो जिसमें भ्रष्टाचार किये गये है उनसे सत्तापक्ष के सांसद विधायक संभवतः अनभिज्ञ नहीं है। वर्मा ने कहा कि मजदूर संघ को किये जा रहे भ्रष्टाचार से कोई लेना-देना नहीं है कर्मचारियों के हित संरक्षण में शासन से पारित आदेश, माननीय न्यायालय से पारित आदेश, आर्थिक लाभ, फंड राशि, मासिक वेतनों के भुगतान समय पर किये जावे ऐसी अपेक्षा नगरपालिका अध्यक्ष व सीएमओ से मजदूर संघ करता है.

# विद्यालयों में परीक्षा परिणाम सुधार के लिए विशेष कक्षाएं एवं रेमेडियल सत्र किए जायेंगे आयोजित

**नर्मदापुर, दोपहर मेट्रो**

**जिले के स्कूलों में चमक अभियान के तहत शिक्षकों की विशेष पहल**

जिले के हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में वार्षिक परीक्षाएँ जारी हैं। परीक्षा परिणामों को बेहतर बनाने के लिए विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा विशेष कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। यह निर्णय 'चमक अभियान' के अंतर्गत लिया गया है, जिसमें शिक्षकों ने परीक्षा अवकाश के दौरान भी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने का संकल्प लिया है।

जिला शिक्षा अधिकारी एसपीएस बिसेन विद्यालयों में अध्ययनरत ऐसे विद्यार्थी जिन्हें 5-7 अंकों की सहायता से उत्तीर्ण किया जा सकता है, उनके लिए अंग्रेजी, विज्ञान, गणित तथा कक्षा 12वीं के भौतिकी, रसायन, गणित एवं जीव विज्ञान जैसे कठिन विषयों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विषय विशेषज्ञों द्वारा पूर्व में भेजे गए संभावित प्रश्नों के आधार पर तैयारी कराई जा रही है, ताकि छात्रों का प्रदर्शन सुधरे और जिले का परीक्षा परिणाम बेहतर हो।

इसके अलावा, क्षेत्र के विषय विशेषज्ञों से भी अपेक्षा की गई है कि वे अध्ययन सामग्री सभी शैक्षणिक समूहों में साझा करें और विद्यार्थियों को अधिक से अधिक सहायता प्रदान करें।

गणित विषय की विशेष तैयारी हेतु हाई स्कूल स्तर पर बाबूलाल चौरे, विषय विशेषज्ञ द्वारा 14 वीडियो लिंक साझा किए जाएंगे, जिनमें परीक्षा उपयोगी प्रश्नों का अभ्यास कराया जाएगा।

विद्यालयों के प्राचार्यों एवं शिक्षकों से यह अनुरोध किया गया है कि वे इस पहल को सफल बनाने में अपना योगदान दें और विद्यार्थियों को अधिकतम सहायता प्रदान करें, ताकि परीक्षा परिणामों में उल्लेखनीय वृद्धि हो सके।

## कम लोहा तौलने की बात पर हुआ विवाद, फरियादी जान बचाकर भागा, पुलिस ने दर्ज किया मामला

**नर्मदापुरम।** लोहा खरीदने की दुकान पर ग्राहक को लोहे की कम तुलाई की आशंका पर आपत्ति दर्ज कराई तो विवाद हो गया और उसके साथ धमकाते हुए मारपीट कर दी गई। घटना को लेकर फरियादी की शिकायत पर देहात थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 296,115(2),351(3),3(5) में मामला दर्ज किया गया है। शांति नगर निवासी संदीप गुप्ता ने देहात थाने में एफआईआर दर्ज कराई है कि वह ठेकेदारी का काम करता है। शुक्रवार 28 फरवरी की दोपहर वह वंश ट्रेडर्स हीरो होंडा चौक से लोहा खरीदने के दौरान कम तौलने की आशंका पर शिकायत की तो कर्मचारि ने कहा कि सेठ प्रियांशु ट्रेडर्स बाबई रोड पर बैठे हैं, चलो चलकर बात कर लो। वहीं से पक्का बिल ले लेना । जब मैं प्रियांशु ट्रेडर्स बाबई रोड गया तो मुझे सोनू दुबे मिला। मैने उनसे कहा कि तुमने लोहा कम दिया, तो सोनू दुबे और उसके कर्मचारी भावेश, मनोज ने मुझे धमकी देते हुए गंदी गंदी गालियां देकर मारपीट शुरू कर दी। मैं वहां से जान बचाकर भागा और देहात थाना पहुंचा।

### गाय को ढूंढने नदी के पास गया था किसान झाड़ियों में छिपा था भालू

# टाइगर रिजर्व के छिरारी में मादा भालू ने किसान पर किया हमला, किसान घायल

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**





वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के ग्राम छिरारी के पास मादा भालू ने एक किसान पर हमला कर दिया। भालू के हमले में किसान घायल हो गया जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रहली में भर्ती कराया गया है जानकारी के अनुसार, राकेश रैकवार उम्र 45 साल निवासी छिरारी शनिवार दोपहर खेत में थे।

उनकी गाय करीब दो दिन से घर नहीं आई है। वह गाय को तलाशने के लिए खेत से थोड़ी दूर टाइगर रिजर्व के जंगल से निकली नदी के किनारे जा रहा था रास्ते में अचानक झाड़ियों में छिपे भालू ने हमला कर दिया। राकेश ने शोर मचाया तो भालू मौके से भाग गया। जिसके बाद वह घायल अवस्था में घर पहुंचे परिवार वालों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। घायल राकेश ने बताया कि खेत के पास झाड़ियों में भालू छिपा था। मैं गाय देखने के लिए जा रहा था। तभी अचानक झाड़ियों से निकलकर उसने हमला कर दिया। मुझे कुछ समझ नहीं आया। शोर मचाया तो भालू भाग गया। हमले में हाथ में घाव लगे हैं। घटनाक्रम की सूचना टाइगर रिजर्व के वन विभाग को दी गई है। किसान खतरे से बाहर है।

### नगरपालिका अध्यक्ष ने दिए निर्देश

# सुबह 7 बजे ड्यूटी पर नहीं पहुंचे तो सफाईकर्मियों की लगेगी एब्सेंट

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**



नगरपालिका परिषद इटारसी स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 के लिए एक्टिव हो गई है। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने शनिवार को इसके लिए नगरपालिका सभागार में बैठक आयोजित की। बैठक में सीएमओ श्रीमती रितु मेहरा, सभापति राकेश जाधव, उपयंत्री मयंक अरोरा सहित व सफाई विभाग के वार्ड दरोगा मौजूद थे।

नगरपालिका अध्यक्ष श्री चौरे सफाई कार्य में लापरवाही पर नाराज दिखे। उन्होंने सभी सफाई दरोगाओं से कहा कि सुबह 7 बजे जो भी स्वच्छता दूत डयूटी नहीं आ रहे हैं, उनकी अनुपस्थिति डालें और वेतन भी काटने की कार्रवाई की जाए। नगरपालिका अध्यक्ष श्री चौरे ने बैठक में कहा कि शहर के प्रत्येक हिस्से खासकर बाजार क्षेत्र में कचरा सडकों पर नजर आ रहा है, जिससे परिषद की छवि खराब तो हो ही रही है, साथ ही स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पडता है।

नगरपालिका अध्यक्ष श्री चौरे ने सीएमओ व उपयंत्री मयंक अरोरा से कहा कि वे भी फील्ड पर जाएं और व्यवस्थाएं देखें।

सीएमओ श्रीमती रितु मेहरा ने सभी वार्ड मुकददमों से कहा कि अपने हिस्से के वार्डों में सभी स्वच्छता दूतों से साफ तौर पर कहें दें कि स्वच्छ सर्वेक्षण में उनकी भूमिका सबसे ज्यादा है, उनके ही कार्यों से रैकिंग में सुधार होगा। इसके अलावा सीएमओ ने कहा कि अपने अपने क्षेत्र में खाली प्लाट पर निगरानी रखें

# 2600 रुपये के समर्थन मूल्य पर अब 15 मार्च से उपार्जित किया जाएगा गेहूं : खाद्य मंत्री

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव का किसानों के हित में लिये गये ऐतिहासिक निर्णय पर खाद्य मंत्री ने जताया आभार**

**नर्मदापुर, दोपहर मेट्रो**



खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन इंदौर, उज्जैन, भोपाल एवं नर्मदापुरम में 01 मार्च से तथा शेष संभाग में 17 मार्च से खरीदी के निर्णय में बदलाव करते हुए राज्य सरकार ने किसानों की मांग पर पूरे प्रदेश में एक साथ 15 मार्च से ही खरीदी करने का निर्णय लिया है। श्री राजपूत ने बताया कि वर्तमान में गेहूं की फसल कटाई पूर्ण नहीं होने तथा मंडियों में आ रहे गेहूं में समर्थन मूल्य उपार्जन हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित नमी के प्रतिशत से अधिक होने के कारण किसानों को असुविधा से बचाने यह निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है। विगत वर्षों में भी समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन 15 मार्च के बाद ही प्रारम्भ किया जाता रहा है।

### किसानों को मध्यप्रदेश सरकार देगी 175 रुपये बोनस

खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 में भारत सरकार द्वारा समर्थन मूल्य में 150 प्रति क्विंटल की वृद्धि करते हुए 2425 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य घोषित किया गया है। जबकि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली किसान हितैषी प्रदेश सरकार द्वारा गेहूं उत्पादक किसानों के हित में बडा और ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए समर्थन मूल्य 2425 रुपये के अतिरिक्त 175 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देने की घोषणा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा की गई है। श्री राजपूत ने बताया कि राज्य के किसानों से 2600 रुपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की जायेगी। खाद्य मंत्री ने किसानों के हित में लिये गये इस बड़े निर्णय के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताते हुए इसे खेती को लाभ का धंधा बनाने की ओर सरकार द्वारा उठाये जा रहे कदमों का एक हिस्सा बताया है।

### 80 लाख टन गेहूं उपार्जन अनुमानित

खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि प्रदेश में लगभग 80 लाख मे. टन गेहूं उपार्जन अनुमानित है। इस उपार्जन पर समर्थन मूल्य की राशि 19,400 करोड़ रुपये तथा बोनस की राशि 1400 करोड़ रुपये का किसानों को भुगतान किया जाना संभावित है।

# अपर कलेक्टर ने धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए

### बिना पूर्व सूचना के कोई भी रैली सभा प्रदर्शन की अनुमति नहीं होगी

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

जिला प्रशासन ने कलेक्टर कार्यालय परिसर में कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए सख्त प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डी.के. सिंह द्वारा जारी इस आदेश में असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण रखने, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा जिले की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए आवश्यक प्रावधान किए गए हैं।

कोई भी व्यक्ति अथवा संगठन यदि सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपना चाहता है, तो उसे पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र में आयोजक तथा अधिकतम पाँच व्यक्तियों के नाम, पता एवं मोबाइल नंबर का स्पष्ट उल्लेख करना आवश्यक होगा। साथ ही, ज्ञापन सौंपने की तिथि एवं समय भी स्पष्ट रूप से दर्ज करना अनिवार्य है। अनुमति प्राप्त अधिकतम पाँच व्यक्तियों के अतिरिक्त किसी भी अन्य व्यक्ति का कलेक्टर कार्यालय परिसर में प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही, बिना पूर्व सूचना के कोई भी सभा, जुलूस, रैली या प्रदर्शन आयोजित करने की अनुमति नहीं होगी। कोई भी व्यक्ति या संगठन सक्षम अधिकारी (अनुविभागीय दंडाधिकारी) की पूर्व अनुमति के बिना किसी भी प्रकार की रैली, जुलूस या वाहन रैली का आयोजन नहीं कर सकेगा। कलेक्टर कार्यालय परिसर में किसी भी प्रकार के घातक हथियार, लाठी-डंडा, पत्थर, बारूद, पटाखे, पेट्रोल अथवा अन्य ज्वलनशील पदार्थ लाने पर पूर्णतः रोक रहेगी। कलेक्टर कार्यालय परिसर में व्यावसायिक वाहनों (भारी वाहनों) के प्रवेश पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(1)(3) के तहत जारी किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति, संस्था या समूह पर संहिता की धारा 223 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह प्रतिबंध शासकीय आयोजनों, शासकीय सेवकों के कर्तव्यों के निर्वहन, पुलिस बल के सदस्यों तथा मजिस्ट्रेटों पर लागू नहीं होगा। अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डी.के. सिंह ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस आदेश की सूचना आम जनता तक पहुँचाने के लिए इसे जिला कार्यालय, तहसील कार्यालय एवं पुलिस थानों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जाए।

Life&Style



# शरीर में पानी की कमी से हो सकती हैं बीमारियां

*शरीर में पानी की कमी होने पर कई सारी परेशानियां बढ़ने लगती है. आज हम इसको विस्तार से बताएंगे शरीर में पानी की कमी से कौन सी बीमारी का खतरा बढ़ जाता है. जब शरीर को जरूरत के हिसाब से पानी नहीं मिलता है तो शरीर में पानी की कमी होने लगती है और फिर लोग डिहाइड्रेशन का शिकार हो जाते हैं. कई लोगों का मानना है कि ज्यादा प्यास लगती है यानि शरीर में पानी की कमी हो रही है. लेकिन हम आपको विस्तार से बताएंगे कि जब शरीर में पानी की कमी होने लगती है तो कौन-कौन से लक्षण दिखाई देते हैं.*

- **लगातार सिरदर्द रहना:** अगर आपको लगातार सिर में तेज दर्द हो रहा है तो समझ जाए कि शरीर में पानी की कमी हो रही है. पानी की कमी होने के कारण शरीर कुछ ऐसे संकेत देते हैं. इस स्थिति में डिहाइड्रेशन होने लगती है जिसके कारण दिमाग में ब्लड फ्लो और ऑक्सीजन की कमी होने लगती है.
- **खाने की क्रेविंग:** डिहाइड्रेशन की स्थिति में अक्सर लोग भूख और प्यास के बीच में फर्क करना भूल जाते हैं. प्यास और खाने की क्रेविंग समझकर लोग ओवरईटिंग करने लगते हैं. इस स्थिति में गला भी सूखने लगता है. अपच,कब्ज, एसिडिटी की तकलीफ होने लगती है.
- **मुंह से बदबू आना:** पानी की कमी के कारण कई बार ऐसा होता है कि मुंह से बदबू आने लगता है. कम पानी पीने से गला सुखने लगता है. जिसके कारण बैक्टीरिया मुंह के अंदर फैलने लगता है.
- **हार्ट बीट बढ़ना:** पानी की कमी के कारण शरीर में प्लाजमा काउंट भी कम होती है. ब्लड फ्लो तेज होता है जिसके कारण दिल की धड़कन बढ़ने लगती है. अगर ऐसे लक्षण दिखे तो समझ जाए कि शरीर में पानी की कमी हो रही है.
- **कब्ज की समस्या:** कब्ज बॉवेल मूवमेंट के कारण होता है. ऐसे में जितना हो पानी पिएं ताकि इससे बॉवेल मूवमेंट तेज होगा. और पेट साफ करने में मदद मिलेगी.



### ड्राई और बेजान त्वचा

शरीर में पानी की कमी होने के कारण त्वचा ड्राई होने लगती है. त्वचा पर फाइन लाइन्स और झुर्रियां भी नजर आने लगते हैं. इसलिए शरीर में पानी की कमी है या नहीं उसे ऐसे चेक कर सकते हैं. शरीर में पानी की कमी के कारम सुस्ती भी होने लगती है. साथ ही इसका बुरा असर मेंटल हेल्थ पर भी पड़ता है.

### जीतने वाली टीम ऑस्ट्रेलिया से सेमीफाइनल खेलेगी

# चैंपियंस ट्रॉफी में आज इंडिया और न्यूजीलैंड का मुकाबला

**नईदिल्ली, एजेंसी**

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आखिरी ग्रुप मैच आज भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। दोनों टीमें पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुकी हैं। जीतने वाली टीम टेबल टॉपर रहते हुए ग्रुप स्टेज खत्म करेगी और सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। वहीं हारने वाली टीम साउथ अफ्रीका से भिड़ेगी।

इस चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने पहले मैच में बांग्लादेश और दूसरे में पाकिस्तान को हराया था। वहीं, न्यूजीलैंड ने पहले मुकाबले में पाकिस्तान और दूसरे में बांग्लादेश को हराया था। दोनों टीमें चैंपियंस ट्रॉफी में दूसरी बार आमने-सामने होंगी। इससे पहले, साल 2000 में टूर्नामेंट के फाइनल में न्यूजीलैंड ने भारत को हराकर खिताब जीता था। ओवरऑल वनडे में भारत आगे दोनों टीमों के बीच अब तक 118 वनडे खेले गए। भारत ने 60 और न्यूजीलैंड ने 50 मुकाबले जीते। 7 मैचों में परिणाम नहीं निकला। जबकि एक मैच टाई रहा।

गिल ने पहले मैच में शतक जमाया था भारत के उपकप्तान शुभमन गिल ने इस चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने 2 मैचों में 147 रन बनाए हैं। गिल ने बांग्लादेश के खिलाफ मैच में शतक लगाया था। उन्होंने 129 बॉल पर 101 रन बनाए थे। पाकिस्तान के खिलाफ विराट कोहली ने सेंचुरी लगाई थी। बॉलिंग में तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी टॉप पर हैं। उन्होंने 2 मैचों में 5 विकेट लिए हैं।

लैथम कीवी टीम के टॉप स्कोरर इस टूर्नामेंट में टॉम लैथम न्यूजीलैंड के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने 2 मैचों में 173 रन बनाए हैं। उन्होंने पिछले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ 55 और पहले मैच में




पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 118 रन बनाए थे। बॉलिंग में माइकल ब्रेसवेल टॉप पर हैं। उन्होंने 2 मैचों में 5 विकेट लिए हैं।

पिच और टॉस रिपोर्ट दुबई में दूसरी पारी में बैटिंग करने वाली टीम के जीत का रिकॉर्ड ज्यादा अच्छा है। भारत ने भी पिछले दोनों मैच चेज करते हुए जीते। ऐसे में टॉस जीतने वाली टीम पहले फील्डिंग का फैसला ले सकती है। यहां अब तक 60 वनडे खेले गए। पहले बैटिंग करने वाली टीम ने 22 और दूसरी पारी में बैटिंग करने वाली टीम ने 36 मैच जीते। वहीं, एक-एक मैच बेनतीजा और टाई रहा। यहां का हाईएस्ट स्कोर 355/5 है, जो इंग्लैंड ने 2015 में पाकिस्तान के खिलाफ बनाया था। भारत ने यहां अब तक 8 मुकाबले खेले और 7 में जीते। जबकि एक मैच टाई भी रहा। दुबई की वेदर रिपोर्ट रविवार को मुकाबले वाले दिन दुबई में अधिकतर धूप खिली रहेगी और मौसम बहुत गर्म रहेगा। तापमान 19 से 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। वहीं, हवा 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी।

**दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11**

**भारत** - रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी और हर्षित राणा।

**न्यूजीलैंड** - मिचेल सैंटनर (कप्तान), विल यंग, डेवोन कॉन्वे, केन विलियमसन, रचिन रवींद्र, टॉम लैथम, ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, काइल जैमिसन, मैट हेनरी

### रणजी ट्रॉफी फाइनल

# विदर्भ से करुण नायर ने शतक लगाया, टीम 286 रन आगे, दूसरी पारी में 4 विकेट पर 249 रन बनाए

**नागपुर, एजेंसी**

रणजी ट्रॉफी फाइनल के चौथे दिन विदर्भ से करुण नायर ने शतक लगा दिया। दानिश मालेवार 73 रन बनाकर आउट हुए। स्टंप्स तक दूसरी पारी में विदर्भ ने 4 विकेट खोकर 249 रन बना लिए हैं। टीम ने 286 रन की बढ़त बना ली है।

नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में केरल ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। विदर्भ ने पहली पारी में 379 बनाए। वहीं, केरल 342 रन पर ऑलआउट हो गया। इस तरह विदर्भ को पहली पारी में 37 रन की बढ़त मिली। विदर्भ की शुरुआत खराब चौथे दिन विदर्भ ने दूसरी पारी में खेलना शुरू किया। पार्थ रेखडे 1 और ध्रुव शोरे 5 रन बनाकर आउट हुए। दानिश मालेवार ने 73 रन बनाकर करुण नायर के साथ 182 रन की पार्टनरशिप की। उनके बाद यश राठौड़ 24 रन बनाकर आउट हुए।

टीम ने 238 रन पर 4 विकेट गंवा दिए। दिन का खेल खत्म होने तक करुण नायर 132 और अक्षय वाडकर 4 रन बनाकर नॉटआउट रहे। केरल से एमडी नीधेश, जलज सक्सेना, आदित्य सरवटे और अक्षय चंद्रन ने 1-1 विकेट लिया।



तीसरे दिन केरल 342 रन पर ऑलआउट शुक्रवार को मुकाबले के तीसरे दिन केरल की टीम स्टंप्स तक 342 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम ने 131/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया था। कप्तान सचिन बेबी ने 98 रन बनाए। नागपुर के ड्रूष्ट स्टेडियम में विदर्भ को पहली पारी में 37 रन की बढ़त मिली। टीम से दर्शन नालकंडे, हर्ष दुबे और पार्थ रेखडे ने 3-3 विकेट लिए। पहली पारी में दानिश मालेवार ने शतक लगाया था। दूसरे दिन विदर्भ की टीम पहली पारी में 379 रन पर ऑलआउट हो गई है। टीम ने आज 254/4 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने 125 रन जोड़े और आखिरी 6 विकेट गंवा दिए। केरल ने स्टंप्स तक 3 विकेट खोकर 131 रन बना लिए।

विदर्भ ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 4 विकेट खोकर 254 रन बना लिए हैं। दानिश मालेवार ने शतक लगाया। लंच तक विदर्भ ने 3 विकेट के नुकसान पर 81 रन बनाए। दानिश मालेवार और करुण नायर नाबाद लौटे। ध्रुव शोरे 16 और दर्शन नालकांडे 1 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, पार्थ रेखाडे खाता भी नहीं खेल सके। सेमीफाइनल में विदर्भ ने मुंबई, केरल ने गुजरात को हराया था नागपुर के ड्रूष्ट स्टेडियम में खेले गए पहले सेमीफाइनल में विदर्भ ने मुंबई को 80 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाया था। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में गुजरात के खिलाफ केरल पहली पारी में 2 रन की बढ़त लेने के कारण फाइनल में पहुंचा था।

**मनोरंजन** बॉलीवुड का कोना

### नौकरी की तलाश में निकलीं

# उर्फी बोलीं- पेट के लिए कुछ तो करना होगा...!



उर्फी जावेद अपने अतरंगी फैशन सेंस के लिए जानी जाती हैं। सोशल मीडिया पर खूब सक्रिय रहने वाली उर्फी हर दिन नई ड्रेस में लोगों के सामने हाजिर होती हैं। अधिकांश बार उन्हें ट्रोल किया जाता है तो कई बार उनकी तारीफ भी हो जाती है। कुल मिलाकर सोशल मीडिया पर पूरा माहौल बनाकर रखने वाली उर्फी आज फिर एक पोस्ट से सुर्खियों में हैं। इस बार मामला यह है कि उन्होंने नौकरी करने की इच्छा जताई है। बाकायदा अपना रिज्यूमे साझा कर उर्फी ने लोगों से मदद की गुहार लगाई है। उर्फी ने अपना रिज्यूमे साझा किया है। इसमें अपनी काबिलियत और स्किल्स के बारे में बताया है। उर्फी ने रिज्यूमे पर साफ-साफ लिखा है कि वह रिसेप्शनिस्ट की नौकरी की तलाश में हैं। उर्फी ने इसके साथ लंबा कैप्शन भी लिखा है। उन्होंने लिखा है, रिसेप्शनिस्ट के रूप में काम करने को तैयार हूं! इसके बाद उन्होंने लिखा है कि वह नौकरी की तलाश में हैं और लोगों से मदद चाहिए। उर्फी ने लिखा है, हां, मैं नौकरी ढूंढ रही हूं, क्योंकि 31 मई करीब आने वाला है और मेरा फैशन इंफ्लुएंस खतरे में है। अभी भूखे पेट को तो संभालना ही है। यह मेरे लिए सबसे अच्छी बात है। किसी भी तरह के सुझाव की सराहना कीह जाएगी दोस्तों! 31 मई से पहले मुझे नौकरी ढूंढनी है, इसलिए कृपया इस काम में मेरी मदद करें। उर्फी जावेद ने रिज्यूमे में अपनी काबिलियत को बड़े रोचक तरीके से लिखा है। उन्होंने एक्सपीरियंस सेक्शन में लिखा है, अगर ट्रोल्स को हैंडल कर सकती हूं तो आपके फोन कॉल्स को भी कर लूंगी। उर्फी जावेद के इस पोस्ट पर यूजर्स ने कमेंट्स की झड़ी लगा दी है। उर्फी के इस पोस्ट पर सबसे पहले तो उनसे सवाल किया जा रहा है कि आखिर उन्हें अचानक नौकरी की जरूरत क्यों पड़ गई। उर्फी नौकरी करेंगी, यह बात यूजर्स के गले से नहीं उतर रही है।

# मांजरेकर को 'एनिमल' के अगले भाग का है इंतजार



रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल जितनी बड़ी हिट रही, उतनी ही ज्यादा उसे आलोचना भी मिली। फिल्म को लेकर कई सितारों ने अपनी राय जाहिर की है। इस कड़ी में अब अभिनेता सह निर्देशक महेश मांजरेकर का नाम भी जुड़ गया है। निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल एक ब्लॉकबस्टर फिल्म है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट साबित हुई थी। हालांकि, फिल्म को अपने रिलीज के वक्त काफी आलोचनाएं भी झेलनी पड़ी थी। फिल्म को महिलाओं के लिए आपत्तिजनक बताया गया था। इसके अलावा फिल्म पर जहरीली मर्दानगी का प्रचार करने का भी आरोप लगा था। फिल्म को जितनी आलोचनाएं मिली उतनी ही तारीफें भी मिली। इस फिल्म को कई सेलिब्रेटीज से भी सराहना मिली। इस कड़ी में अब अभिनेता सह निर्देशक महेश मांजरेकर का नाम भी जुड़ गया है। एनिमल के बारे में बात करते हुए महेश ने फिल्म को मिली आलोचनाओं पर हैरानी जतायी। उन्होंने कहा फिल्म की कहानी 'गॉडफादर' के जैसी है, लेकिन काफी मनोरंजक है। इसके साथ ही उन्होंने आगे बताया कि वह थोड़ी देर के लिए भी फिल्म देखते हुए बोर नही हुए,जबकि यह फिल्म अच्छी खासी लंबी है। फिल्म के निर्देशक की तारीफ करते हुए महेश ने कहा, निर्देशक की फिल्म को अपने हिसाब से बनाने की सोच मुझे काफी पसंद आई। मुझे यह फिल्म बेहतरीन लगी। मैं इसके अगले भाग एनिमल पार्क का इंतजार कर रहा हूं। कुछ लोग हैं, जो यह राय देते हैं कि फिल्म कैसे बनाई जानी चाहिए, लेकिन उन्हें ऐसे लोगों की सुननी ही क्यों चाहिए।

# सनी देओल के साथ कमबैक के लिए तैयार है प्रीति जिंटा



आमिर खान प्रोडक्शंस द्वारा बनाई जा रही फिल्म 'लाहौर 1947' को लेकर फैंस के बीच चर्चा बनी हुई है। इस फिल्म से 90 के दशक के कुछ टॉप एक्टर्स की वापसी होगी। प्रीति जिंटा 'लाहौर 1947' से सिल्वर स्क्रीन पर वापसी कर रही हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी सनी देओल के साथ दिखेगी. हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर सनी देओल स्टारर फिल्म के सेट से बीटीएस तस्वीरें शेयर कर अपने फैंस को अपडेट किया है। प्रीति जिंटा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर 'लाहौर 1947' के सेट से कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इनमें वह राजकुमार संतोषी के साथ नजर आ रही हैं। इन बीटीएस फोटोज में प्रीति ने सेट पर बनाए गए नियमों के बारे में भी बताया है।

### प्रीति ने दिखाई पर्दे के पीछे की झलक

प्रीति जिंटा द्वारा शेयर की गई तस्वीरों में पहली फोटो एक क्लैपबोर्ड की है, जिस पर डायरेक्टर राजकुमार संतोषी के नाम के साथ डायरेक्टर ऑफ फोटोग्राफी संतोष सिवन का नाम लिखा हुआ है. दूसरी तस्वीर राजकुमार संतोषी और प्रीति जिंटा की सेल्फी है। तीसरी तस्वीर में वह संतोष सिवन के साथ नजर आ रही हैं. चौथी तस्वीर सेट पर लगे साइन बोर्ड की है, जिसमें से एक हुमन बेस की है. इसके नीचे 'नो फोन ऑन सेट' का नियम भी लिखा हुआ है।

### इन फिल्मों में नजर आ चुककी है प्रीति

प्रीति जिंटा ने अपने करियर की शुरुआत 1998 में रिलीज हुई फिल्म 'दिल से' से की थी। उनकी हिट फिल्मों में 'क्या कहना', 'सोल्जर', 'दिल चाहता है', 'चोरी चोरी चुपके चुपके', 'कोई मिल गया', 'कल हो ना हो', 'वीरा जारा', 'कभी अलविदा ना कहना' शामिल हैं। अब एक्ट्रेस लंबे समय के बाद सनी देओल के साथ फिल्म 'लाहौर 1947' से सिल्वर स्क्रीन पर वापसी कर रही हैं।

### फिल्म को लेकर अफवाहों का जो सिरा मुंबई में उड़ा, वो हैदराबाद आकर पूरी तरह हो गया ध्वस्त

# 'राक्षस' की शूटिंग की तैयारियां जारी, बंद नहीं हुई प्रशांत-रणवीर की फिल्म

प्रशांत वर्मा सिनेमैटिक यूनिवर्स की फिल्मों का विस्तार करने में लगे निर्देशक प्रशांत वर्मा की नई फिल्म 'राक्षस' को लेकर अफवाहों का जो सिरा मुंबई में उड़ा, वह हैदराबाद आकर पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। फिल्म के हीरो रणवीर सिंह की टीम ने फिल्म में उनके लुक टेस्ट और प्रोमो की शूटिंग के समय जो कुछ गड़बड़ की, उसकी बातें पूरे हैदराबाद को पता चल चुकी हैं। निर्देशक प्रशांत वर्मा को एक नौसिखिया निर्देशक बताने की साजिश भी सफल नहीं हुई और अब 'अमर उजाला' से बात करते हुए प्रशांत वर्मा ने खुद कहा है कि क्रिएटिव डिफरेंस (रचनात्मक मतभेद) जैसी कोई बात उनके और रणवीर सिंह के बीच नहीं हैं। हैदराबाद के मनिकोंडा इलाके में पेड़ों के झुरमुटों के बीच बने अपने कार्यालय में 'अमर उजाला' से मुलाकात करते हुए प्रशांत





वर्मा ने फिल्म 'राक्षस' को लेकर भी विस्तार से चर्चा की। फिल्म का नाम क्या है 'राक्षस' या 'ब्रह्मराक्षस'? ये पूछे जाने पर प्रशांत वर्मा कहते हैं, 'इसे लेकर हमारी राइटिंग टीम में चर्चाएं चलती रही हैं। कुछ लोग इसे 'राक्षस' के नाम से पुकारना चाहते हैं और दूसरी टीम इसे 'ब्रह्म राक्षस' का नाम देना चाहती हैं। मेरा अपना मानना ये है कि फिल्म के नाम या इसके चरित्र को लेकर ऐसा कुछ नहीं होना चाहिए जो समाज के किसी भी वर्ग को अरुचिकर लगे, इसीलिए मैं इस फिल्म को 'राक्षस' के नाम से ही बनाने जा रहा हूं।' हैदराबाद में प्रशांत वर्मा के जिस दफ्तर में बैठकर ये बातचीत हुई, उसके आसपास के दुकानदार भी अब तक वह दिन नहीं भूले हैं जब रणवीर सिंह इस कार्यालय आए और उनके साथ गाड़ियों का पूरा एक काफिला आया। दुकानदारों की और रणवीर के साथ शूटिंग के दौरान सेट पर मौजूद लोगों की मानें तो उनके साथ आए लोगों का बर्ताव ठीक नहीं था। प्रशांत इस बारे में पूछने पर कहते हैं, 'हां, रणवीर सिंह का अपना एक स्टाइल है। वह पूरे कारवां के साथ ही दफ्तर आए थे। लेकिन, साउथ में काम करने का तरीका अलग है। यहां सब टीम की तरह काम करते हैं।

### पिता ने कहा-ससुराल पक्ष ने कर दी हत्या, ससुराल वाले बोले- उसने खुद की आत्महत्या

# नाराज पत्नी को लेने ससुराल पहुंचा पति, संदिग्ध हालत में गंवाई जान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोलार थाना क्षेत्र के कजलीखेड़ा में एक युवक की जहरीला पदार्थ खाने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह नाराज पत्नी को मनाने और साथ ले जाने के लिए ससुराल पहुंचा था। इसके बाद ससुराल पक्ष की ओर से मृतक के पिता को मोबाइल पर बताया गया कि उसने जहर खा लिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



पुलिस के अनुसार गणेश नगर मिसरोद निवासी राहुल देशवाली पिता विनोद देशवाली (30) प्राइवेट काम करता था। साल 2021 में उसकी शादी कजलीखेड़ा में रहने वाली सुषमा से हुई थी। करीब पांच माह पूर्व उनके यहां बेटे वीरांश का जन्म हुआ था।

शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच मामूली अनबन होती रहती थी। आपसी पारवारिक नोंकझोंक के चलते सुषमा बीते तीन माह से पांच माह के बेटे के साथ मायके आकर रह रही थी। इस बीच राहुल ने कई बार पत्नी को मनाकर घर लाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं आई। पिता विनोद ने बताया कि उनका बेटा, बहू को लेने उसके घर जाता था लेकिन ससुराल वाले मारपीट कर उनके बेटे को भगा देते थे।

### तबियत खराब होने की दी थी सूचना

विगत 28 फरवरी को भी राहुल अपनी पत्नी को लेने कजलीखेड़ा पहुंचा था। शाम को ससुरालवालों ने पिता को सूचना दी कि राहुल की तबियत खराब हो गई है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पिता और अन्य परिजन जब जेपी अस्पताल पहुंचे, तब तक उनके बेटे राहुल की मौत हो चुकी थी। डॉक्टर ने बताया कि जहरीला पदार्थ खाने से मौत हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

### मारपीट कर जहर पिलाने का लगाया अरोप

पिता विनोद देशवाली ने आरोप लगाया है कि उनका बेटा बहू को लेने मायके गया था। वहां मारपीट कर ससुराल पक्ष ने उनके बेटे को जहर दे दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। उनके बेटे की हत्या की गई है।

इस मामले में उन्होंने बताया कि करीब तीन माह पूर्व बहू का जीजा घर आया था और बिना कोई कारण बताए बहू को अपने साथ ले गया था।

### 65 साल के बुजुर्ग ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

**भोपाल।** शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित तिलक नगर में शनिवार सुबह 65 साल के बुजुर्ग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि उनका मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था और वह कभी भी कहने लगते थे कि वह मुझे मार देगा। पुलिस के अनुसार जगन्नाथ सिंह मेवाड़ा तिलक नगर, शाहपुरा में अपनी बेटी के साथ रहते थे। उनकी पत्नी बेटा राजू मेवाड़ा और बहू उनसे अलग भोपाल में रहते हैं। जगन्नाथ दिसंबर में ही सोनकच्छ से बेटी के पास तिलक नगर में आए थे। बेटी एनजीओ में काम करती है और शनिवार सुबह वह काम पर चली गई। वहां से दोपहर करीब ड़ाई बजे लौटी तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था। उसने काफी आवाज दी, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद अपने भाई राजू मेवाड़ा को मोबाइल पर जानकारी दी। इधर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। दरवाजा तोड़ा गया तो जगन्नाथ का शव फांसी के फंदे पर लटके नजर आया। पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है।

## मकान पर कब्जा कर बेटों ने पिता के साथ की बदसलूकी घर से भी बाहर निकाला



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

टीला जमालपुरा इलाके में रहने वाले पिता ने अपने दो बेटों के खिलाफ भरण-पोषण अधिनियम व गाली-गलौज समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कराया है। उनका आरोप है कि पत्नी की मौत के बाद जिस कमरे में वह अकेले रहते हैं, उस पर बेटों की नजर है। बेटों ने खर्चा देना भी बंद कर दिया है और आए दिन गाली-गलौज व धक्का-मुक्की करते हैं। शिकायती आवेदन की जांच के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। फिलहाल आरोपी बेटों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

पुलिस के मुताबिक हरी मजार बस्ती निवासी नईम खान (68) पूर्व में लोडिंग ऑटो चलाते थे। बड़ती उम्र व बीमारियों की वजह से बीते पांच साल से उन्होंने काम पर जाना छोड़ दिया है। उनके बेटे नाजिम और नासिर उन्हें खाना-खर्चा दिया करते थे। चार महीने पहले नईम खान की पत्नी की बीमारी के चलते मौत हो गई। बुजुर्ग नईम ने बताया कि बच्चों को बंटवारे में मकान दे दिया है। घर के दो कमरे उन्होंने मेहमानों व खुद के लिए रख लिए थे। पत्नी की मौत होते ही नाजिम खान और नासिर खान ने उनके कमरे पर कब्जा कर लिया। वहां ससुराल से पुराना सामान मंगाकर रख दिया है। विगत 23 फरवरी को जब नईम खान ने अपने कमरे में जाने की कोशिश की तो आरोपी बेटों ने उनसे अभद्र व्यवहार करते हुए धक्का-मुक्की की और घर के बाहर बाहर धकेल दिया। पिता का कहना है कि उनके बेटे गैस रिफिलिंग का अवैध धंधा करते हैं। उन पर मारपीट व गंभीर धाराओं के तहत अपराध भी दर्ज हैं।

**पत्नी की मौत हो जाने के बाद कमरे में घुसने नहीं दे रहे बेटे, पुलिस ने किया प्रकरण दर्ज**

## सगाई के बाद मांगा रहा बुलेट, नहीं देने पर शादी करने से किया इंकार



**छह महीने पहले हुई थी सगाई, मई में होना थी शादी, प्रकरण दर्ज**

**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र में दहेज की बुलट नहीं देने पर वर पक्ष ने शादी तोड़ दी। आरोपी वर सगाई के बाद बुलट की मांग कर रहा था। वधु पक्ष ने बुलट देने में असमर्थता दिखाई तो वर ने शादी से इंकार कर दिया। शादी एक महीने बाद मई में होनी थी तैयारी पूरी हो चुकी थी, लेकिन वर नहीं माना तो पुलिस को शिकायत की गई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार स्टेट बैंक कॉलोनी करोंद में रहने वाली 23 साल की युवती प्राइवेट काम करती है। करीब छह माह पूर्व युवती की सगाई रायसेन में रहने वाले अभिषेक चावरिया से हुई थी। अभिषेक भी प्राइवेट काम करता है। सगाई होने के बाद शादी की तारीख मई में निकली थी। वधु पक्ष के लोगों ने शादी की तैयारियां में लेग थे। इस बीच वर पक्ष के लोगों ने दहेज में बुलट की मांग शुरू कर दी। अचानक हुई मांग को लेकर वधु पक्ष के लोग परेशान होने लगेत्र उन्होंने वर पक्ष को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे लोग अपनी मांग पर अड़ रहे। जब वधु पक्ष ने उनकी मांग पूरी करने में असमर्थता जताई तो वर पक्ष ने सगाई तोड़ते हुए शादी करने से इनकार कर दिया। पीड़ित पक्ष ने शिकायत निशातपुरा पुलिस से की थी। पुलिस ने अभिषेक चावरिया समेत उसके माता-पिता विद्या चावरिया व अशोक चावरिया के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## आयुष्मान में सर्जरी पार्ट की तस्वीरें मानवाधिकार आयोग के जांच निर्देश




**स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और आयुष्मान सीईओ से जवाब तलब**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग तक आयुष्मान योजना के तहत इलाज कराने वाले मरीजों के सर्जरी पार्ट की तस्वीरें अपलोड किए जाने के मामला पहुंचने के बाद मामले में आयोग ने जांच के निर्देश दिए है।

इसके साथ ही आयोग ने स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और आयुष्मान सीईओ को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले में आयोग ने अफसरों को फटकार लगाते हुए कहा कि यह बेहद परेशान करने वाला कृत्य है और मरीज की गोपनीयता और गरिमा का स्पष्ट उल्लंघन है।

आयोग के संज्ञान में आया है कि, प्रदेश में आयुष्मान योजना के तहत इलाज कराने वाले मरीजों के सर्जरी पार्ट की तस्वीरें ली जाती हैं। इन्हें आयुष्मान के ट्रांजैक्शन मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर अपलोड किया जाता है।

आयुष्मान का क्लेम पास कराने के लिए इन फोटोज को सबूत के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। आयुष्मान के पोर्टल पर फोटोज अपलोड होने से पहले कम से कम 4-5 हाथों से गुजरती हैं। ऐसे में इनके सार्वजनिक होने का खतरा है। खासतौर पर महिला मरीजों के सर्जरी पार्ट की फोटो के साथ छेड़छाड़ हो सकती है।

## डीईओ ने प्रभारी हेड मास्टर को भेजा दूसरे स्कूल, शीघ्र आएगी जांच रिपोर्ट

**- महिला शिक्षकों ने शिकायत करते हुए लगाए गंभीर आरोप**
**- डीईओ ने आदेश जारी कर जांच होने तक स्कूल से हटाया**



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी के ईंटखेड़ी स्थित शासकीय माध्यमिक शाला की महिला शिक्षकों द्वारा प्रभारी हेड मास्टर नरेंद्र सिंह परमार के खिलाफ गंभीर आरोप लगाने के मामले में जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार अहिरवार ने जांच शुरू कर दी है।

इधर एक ओर आदेश जारी करते हुए डीईओ ने प्रभारी हेड मास्टर नरेंद्र सिंह परमार को स्कूल से हटा दिया है। फिलहाल शिकायत की जांच पूरी होने तकवह शासकीय माध्यमिक शाला कोलूखेड़ी में अपनी सेवाएं देंगे। मामले में शिकायत मिलने के बाद डीईओ ने जांच टीम गठित की है।

जिसकी जांच के रिपोर्ट जल्द ही आ सकती है। बताया जा रहा है कि मामले मे जल्द ही डीईओ कार्यवाही करने के साथ ही लोक शिक्षण संचालनालय को आगे की कार्यवाही के लिए रिपोर्ट भेजेंगे।

### यह है पूरा मामला

महिला शिक्षिकाओं की ओर से परमार पर आरोप लगाए गए थे कि शैक्षिक कार्य के बहाने अकेले में बुलाते हैं और व्यक्तिगत टिप्पणी के साथ ही बैड टच करते हैं। इस स्कूल में लगभग 7 महिला शिक्षक हैं। 6 ने शिकायत दर्ज कराई है। स्कूल के बच्चों के बयान भी रिपोर्ट में शामिल किए गए हैं।

### उत्कृष्ट, मॉडल व संस्कृत आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए 9 को परीक्षा

**भोपाल।** जिला स्तरीय उत्कृष्ट/मॉडल स्कूलों एवं संस्कृत आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।?जारी कार्यक्रम के अनुसार, 9 मार्च 2025 को यह परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र मध्यप्रदेश राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। सभी आवेदकों को सूचित किया गया है कि वे अपने प्रवेश पत्र समय पर डाउनलोड करें और निर्धारित तिथि एवं समय पर परीक्षा में सम्मिलित हों। अधिक जानकारी के लिए संबंधित वेबसाइट पर संपर्क कर सकते हैं।

**मेट्रो एंकर** | भारत पुनरुत्थान में सहयोगात्मक अनुसंधान की पहल: विषयक तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोधार्थी समागम हुआ शुरू

# कृतज्ञता का भाव, भारत की सभ्यता और विरासत: उच्च शिक्षा मंत्री

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कृतज्ञता का भाव, भारत की सभ्यता एवं विरासत है और भारतीय ज्ञान परम्परा का अभिन्न अंग है। हमारे पूर्वजों ने प्रकृति, नदियों एवं सूर्य सहित समस्त ऊर्जा स्रोतों के संरक्षण के लिए, कृतज्ञता भाव से समृद्ध परम्पराओं को स्थापित किया था। भारत का ज्ञान, ज्ञान परम्परा एवं मान्यता के रूप में भारतीय समाज में सर्वत्र विद्यमान है। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने कही।

दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान भोपाल के तत्वावधान में मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के डॉ. जगदीश चंद्र बसु सभागृह में भारत के पुनरुत्थान के लिए सहयोगात्मक अनुसंधान की पहल~ विषयक तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोधार्थी समागम आयोजित किया जा रहा है। समागम के शुभारंभ अवसर पर मंत्री परमार ने कहा कि शोधार्थियों को समाज के प्रश्नों का समाधानकारक शोध करने की आवश्यकता है। शोधार्थियों के शोध का प्रभाव, समाज के दृष्टि पटल पर परिलक्षित होना चाहिए।



### गुरुकुल शिक्षा पद्धति में पहली कक्षा से ही प्रारंभ हो जाता था शोध: मिथिलेश नंदिनी शरण

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सारस्वत अतिथि सिद्धपीठ श्री हनुमन निवास अयोध्या धाम के पीठाधीश्वर आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा, अतीत के कालखंडों में गुरुकुल शिक्षा पद्धति के नष्ट किए जाने से विलोपित हुई है। गुरुकुल शिक्षा पद्धति में पहली कक्षा से ही शोध किया जाना प्रारंभ हो जाता था। आचार्य ने कहा कि वेदों में, भारतीय ज्ञान परम्परा विद्यमान है। शोध के लिए मौलिकता की ओर वापस लौटना होगा।

### राष्ट्र पुनर्निर्माण के लिए, श्रेष्ठ व्यक्ति निर्माण जरूरी: मुकुल

बीज वक्ता के रूप में प्रखर राष्ट्वादी विचारक एवं लेखक मुकुल कानिटकर ने कहा कि राष्ट पुनर्निर्माण के लिए, श्रेष्ठ व्यक्ति निर्माण आवश्यक है। वास्तव में स्वयं का निर्माण करने वाले ही राष्ट पुनर्निर्माण में सहभागिता कर सकते हैं। कानिटकर ने कहा कि शोध का वास्तविक अर्थ है शुद्ध करना, शोधार्थियों के जीवन का अंतिम लक्ष्य शोध ही होना चाहिए। इसके लिए शोधार्थियों में मौलिकता के साथ, विश्लेषण एवं संश्लेषण दोनों के संस्कार जागृत करने की आवश्यकता है। स्वयं को शुद्ध करते हुए, द्वंद्व से मार्ग निकालने से प्राप्त मौलिकता पूर्ण परिणाम ही वास्तव में शोध है।

## कल बाल आयोग की कार्यशाला सीएम डॉ. यादव करेंगे शुभारंभ

**भोपाल।** मप्र राज्य बाल संरक्षण आयोग की एक दिवसीय कार्यशाला का सोमवार 3 मार्च 2025 को कुशाभाऊ ठाकरे अन्तर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजन किया जाएगा। इस कार्यशाला का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। बच्चों के शिक्षा के अधिकार, पॉक्सो एवं किशोर न्याय अधिनियम पर आधारित इस कार्यशाला में महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। कार्यशाला में सभी जिलों के महिला बाल विकास, शिक्षा, जनजातीय कल्याण एवं गृह विभाग के अधिकारी, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड एवं सामाजिक संगठनों के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022